तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 महिला पतंजलि योग समिति ने किया वैदिक यज्ञ हवन





10 हिमालयन भालू ने रास्ते में तोड़ा दम, जंगल सफारी में




## खबर संक्षेप

### पी.एम.श्री सेजेस मारो में सेंधमारी, लिखाई गई रिपोर्ट

**मारो।** पी.एम.श्री सेजेस मारो में 24 फरवरी को प्राचार्य ने प्रतिदिन की भांति निरीक्षण के दौरान रसायन विज्ञान के प्रायोगिक कक्ष की दीवार टूटी हुई पाई। इसकी सूचना प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी व चौकी प्रभारी मारो को सीएमडीसी अध्यक्ष की उपस्थिति में दी। चौकी प्रभारी ने आशंका जताई है कि अज्ञात लोगों ने विद्यालय में चोरी की कोशिश की है। लेकिन, इसके अलावा विद्यालय सम्पति का कोई नुकसान नहीं पाया गया है।

### ग्राम आमटी मेला 26 को

**अंडा।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर तादुंला नदी घाट आमटी में 26 फरवरी को मेला का आयोजन किया गया है। चितरंजन साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि 10 बजे झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम मोखा पचपेड़ी जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम आलबरस में चंदैनी गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम कल

**अंडा।** ग्राम आलबरस में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 26 फरवरी को रात्रि 10 बजे खुमान साव कृत चंदैनी गोंदा ठेकवा राजनांदगांव वालों का कार्यक्रम रखा गया है। चिमन देशमुख ने बताया कि महाशिवरात्रि के दिन सुबह 4 बजे से 12 बजे दोपहर तक स्नान करने नदी में आते हैं। फिर शंकर पार्वती मंदिर में जाकर पूजा पाठ करते हैं।

### ग्राम भरदा (कोनारी) में विशेष पूजा आज, मेला-मड़ई कल

**अंडा।** दुर्ग विकासखंड अंतर्गत ग्राम भरदा (कोनारी) में प्रसिद्ध मेला का आयोजन महाशिवरात्रि मेला समिति द्वारा किया जा रहा है। यह मेले का 69 वाँ वर्ष है। यहां सन 1956 में भरदा, चंगोरी, अछोटी, आलबरस, रुदा, खाड़ा के ग्रामीणों ने मिलकर मेले की शुरुआत की थी। मोहन भारदीय ने बताया कि 25 फरवरी को सत्यनारायण व्रत कथा, हवन, पूजन व भगवान शिवनाथेश्वर का त्रिवेणी संगम के जल से अभिषेक किया जाएगा। 26 फरवरी को मेला-मड़ई का आयोजन किया जाएगा। विशेष आरती में ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, ताम्रध्वज साहू पूर्व गृहमंत्री, केशव बंटी हरमुख उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल एवं नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों में आशा विक्की मिश्रा व प्रिया साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

### हीरापुर में दो दिवसीय रामायण मेला आज से

**बालोद।** दो दिवसीय रामायण मेला का आयोजन ग्राम हीरापुर में 25 एवं 26 फरवरी को किया गया है। जहां पुरूष व महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 2501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपए रखा गया है।

### चुनाव : जनपद पंचायत साजा व बेरला के मतदाताओं ने दिखाया भारी उत्साह

# पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में हुई वोटों की बारिश, 85.19 फीसदी हुआ मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में जनपद पंचायत साजा और बेरला के मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शांतिपूर्ण माहौल और सुव्यवस्थित मतदान प्रक्रिया के तहत कुल 85.19 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया।

इससे यह चरण भी पहले चरण से बेहतर साबित हुआ। यह आंकड़ा लोकतंत्र की ओर जिले के लोगों की गहरी आस्था और भागीदारी को दर्शाता है। जनपद पंचायत साजा में 84.41% और बेरला में 85.95% मतदान दर्ज किया गया, जिससे स्पष्ट होता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के प्रति बढ़ती जागरूकता और सहभागिता है। मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लंबी कतारें देखी गईं, जहां वृद्ध, युवा, और महिलाएं उत्साहपूर्वक अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जहां कुल 85.82% महिलाओं ने मतदान किया, जबकि पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 84.55% रहा।

- लोकतंत्र की मजबूती में जनपदों ने दिखाया उत्साह
- बेरला में 85.95 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मतदान
- जनपद पंचायत साजा में हुई 84.41 फीसदी वोटिंग




### जिले की 206 ग्राम पंचायतों के 2,96,925 में से 2,52,936 मतदाताओं ने किया मतदान

जिले के 206 ग्राम पंचायतों के 2,96,925 पात्र मतदाताओं में से 2,52,936 ने मतदान किया। शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद थी और मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गईं। मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई, जिससे जिले में चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रही।

### पंचायत चुनाव में भारी उत्साह

इससे पहले भी जिले के जनपदों में मतदान के दौरान भारी उत्साह देखा गया था, लेकिन अंतिम चरण में जनपद साजा और बेरला के मतदाताओं ने रिकॉर्ड मतदान कर जिले में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। पहले चरण के मुकाबले इस चरण में बेहतर मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया।

# बेटे को पानी पिलाने कार से उतरी महिला स्कार्पियो ने मारी जोरदार टक्कर, मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दुर्ग-बेमेतरा स्टेट हाईवे पर ग्राम राखी-जोबा के समीप तेज रफ्तार वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक कार को जोरदार ठक्कर मार दी। दुर्घटना में शहर की बेटी की मौत हो गई वहीं, कार में मौजूद 14 वर्षीय पुत्र घायल हो गया।



- देवकर के समीप ग्राम राखी जोबा में हुई दुर्घटना

मिली जानकारी के अनुसार शहर के प्रतिष्ठित अधिवक्ता शैलेश तिवारी की बड़ी बहन जयंती मिश्रा ससुराल भिलाई से अपने पति और 14 वर्षीय पुत्र के साथ बेमेतरा आई थीं। शनिवार शाम वापस अपने निजी वाहन कार क्रमांक सीजी 07 सीवी 2680 से भिलाई जा रहे थे। बेमेतरा से 35 किमी दूरी पर स्थित ग्राम राखी जोबा के मंदिर के सामने सड़क किनारे कार खड़ी की पिछली सीट पर बैठे पुत्र को पानी पिलाने सामने वाली सीट से नीचे उतर कर गईं। पानी पीला कर जैसे ही सामने की सीट पर बैठने कार का दरवाजा खोला, तभी दुर्ग की ओर से तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 18 एम 5572 ने सामने से जोरदार ठोकर मार दी। इस जोरदार टक्कर से महिला जयंती मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि अन्य ▶▶| शेष पेज 11 पर

# मीठे पानी की आपूर्ति और सफाई व्यवस्था का रखें पूरा ध्यान : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने अपने निवास कार्यालय में शनिवार को बैठक ली, जिसमें नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित भाजपा पार्षद, सीएमओ, इंजीनियर शामिल हुए। बैठक के दौरान विधायक साहू ने नगर में सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई, सड़कों की सफाई और मीठे जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए, ताकि नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही, जल आपूर्ति को सुचारू करने और नगर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की गई। विधायक साहू ने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए और आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने पर जोर दिया।

- बेमेतरा विधायक ने नगर पालिका के अधिकारियों को दिए निर्देश
- अपने निवास कार्यालय में नवनिर्वाचित अध्यक्ष, भाजपा पार्षदों, सीएमओ और इंजीनियरों की ली बैठक



विधायक दीपेश साहू ने नगर में मीठे जल आपूर्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए कहा कि मीठा जल आवर्धन योजना के तहत पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जहां-जहां जल संकट की स्थिति बनी हुई है, वहां त्वरित समाधान निकाला जाए। विधायक ने पाइपलाइन लीकेज, जल प्रदूषण और अनियमित आपूर्ति जैसी समस्याओं को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने अधिकारियों को जल आपूर्ति की नियमित निगरानी करने और किसी भी समस्या की जानकारी तुरंत देने के निर्देश भी दिए।नगरवासियों को बेहतर जल आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए नगर पालिका और प्रशासन को मिलकर कार्य करने पर जोर दिया गया। विधायक दीपेश साहू ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को साफ संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अनावश्यक रूप से छुट्टी न लें, वरना उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ।उन्होंने सफाई कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और शहर की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, नगरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण देने के लिए सभी जिम्मेदार अधिकारियों को नियमित निगरानी रखने को कहा। विधायक ने स्पष्ट किया कि अगर कोई कर्मचारी लापरवाही करता है या बिना कारण छुट्टी लेता है, तो उस पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए पार्षदों को सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक को इसमें योगदान देना चाहिए। पार्षदों से कहा कि वे अपने वार्डों में स्वच्छता अभियान चलाएं, लोगों को कचरा उचित स्थान पर फेंकने, नालियों में कचरा न डालने और गीले व सूखे कचरे के सही निपटान के बारे में जागरूक करें। इसके अलावा, स्वच्छता को लेकर नगर पालिका द्वारा जनजागरण अभियान चलाने, दीवारों पर स्लोगन लिखने और पब्लिक ▶▶| शेष पेज 11 पर

## बेमेतरा नपा उपाध्यक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए प्रदीप

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेशभर के नगरपालिकाओं के लिए उपाध्यक्ष निर्वाचन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति कर दी गयी है। इसके तहत ज़िला मुख्यालय स्थित नगर पालिका परिषद बेमेतरा के लिए प्रदीप गांधी को पर्यवेक्षक बनाया गया है। वहीं, ज़िले के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल को नगर पालिका मुंगेली के उपाध्यक्ष उम्मीदवार के चयन की जिम्मेदारी पार्टी द्वारा दी गयी है। इसके अलावा साजा के पूर्व विधायक व पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना को नगर पालिका परिषद डोंगरगांव के उपाध्यक्ष चयन हेतु पर्यवेक्षक बनाया गया है। लिहाजा ज़िले के दो विधानसभा क्षेत्र से जुड़े दोनों वरिष्ठ नेताओं को पार्टी द्वारा उपाध्यक्ष चुनने के लिए दी गयी नई जिम्मेदारी से कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह व हर्ष है।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411






नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।


# 10वीं-12वीं की परीक्षाएं एक मार्च से, सभी केंद्राध्यक्षों को प्रदान की गई गोपनीय सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 1 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित होने वाली हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा संबंधी गोपनीय सामग्री का सोमवार को जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर कमल कपूर बंजारे की मौजूदगी में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा से जिले के 77 केंद्राध्यक्षों को वितरण किया गया।

- डीईओ की उपस्थिति में सील बंद पेटी में दी गई सामग्री

गोपनीय सामग्री सील बंद पेटियों में पुलिस अभिरक्षा के साथ बसों के माध्यम से संबंधित थानों में जमा करने रवाना की गई। सभी परीक्षा केन्द्रों की सील बंद पेटी संबंधित थानों में रख दी गई है। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की बोर्ड परीक्षाएं प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:15 तक आयोजित की जाएगी। इस वर्ष बेमेतरा जिला में शिक्षा विभाग के द्वारा 77 परीक्षा केन्द्रों में यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 13955 परीक्षार्थी तथा इसी तरह कक्षा 12वीं हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट की परीक्षा में 8572 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### सील बंद पेटी में वितरण किया गया गोपनीय सामग्री को संबंधित थानों में जमा करने के निर्देश दिए गए



गोपनीय सामाग्री वितरण के समय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे, परीक्षा के लिए जिला परीक्षा नोडल अधिकारी बनाये गए एसपी कोशले, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य संत राम साहू, चित्ररेखा ठाकुर, सत्येंद्र सिंह राजपूत, मनोज कुमार बख्शी, गिरिजा शंकर शर्मा एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर से प्रतिनिधि के रूप में आए अंशुमन कसेर वितरण अधिकारी के रूप में उपस्थित थे। सुव्यवस्थित एवं समय अनुसार वितरण में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा से चेतन बंजारे परीक्षा कक्ष प्रभारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे के द्वारा पूर्व में सभी 77 केंद्राध्यक्षों की एक अति आवश्यक बैठक ली ली गई है जिसमें सभी परीक्षा केन्द्रों में सफलता पूर्वक और सुव्यवस्थित परीक्षा के संचालन के संबंध में विस्तृत रूप से आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिए गए हैं। तथा सभी परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्था, सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

# उत्तरपुस्तिका जांच रहे प्राध्यापकों में 80% निजी कॉलेज के, शासकीय महाविद्यालयों की तौबा, रविवि की फटकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

लाखों की तनख्वाह प्राप्त कर रहे शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों को छात्रों की उत्तरपुस्तिकाएं जांचने में विशेष दिलचस्पी नहीं है। उत्तरपुस्तिकाएं जांच रहे प्राध्यापकों में से 80% निजी महाविद्यालयों के हैं। केवल 20% प्राध्यापक ही ऐसे हैं, जो शासकीय महाविद्यालयों में सेवारत हैं। ये आंकड़े पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने बीते दिनों हुई प्राचार्यों की बैठक में पेश किए। रविवि द्वारा बीते शैक्षणिक सत्र से केंद्रीय मूल्यांकन प्रारंभ किया गया है।

अलग खबर

## केंद्रीकृत मूल्यांकन होने के कारण शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

### कम राशि भी बड़ी वजह

उत्तरपुस्तिकाएं घर ले जाने की सुविधा समाप्त किए जाने के बाद शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापक केंद्र पहुंचकर कॉपियां नहीं जांचना चाह रहे हैं। रविवि द्वारा उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन के लिए पैटर्न आधार पर 15 व 25 रूपए दिए जाते हैं। वार्षिक पद्धति से होने वाली परीक्षाओं में सवाल अपेक्षाकृत कम होने के कारण इसकी कॉपियां जांचने पर 15 रुपए दिए जाते हैं। सेमेस्टर पद्धति में नए पैटर्न से होने वाली परीक्षाओं में अधिक सवाल पूछे जाते हैं, ऐसे में इसके लिए 25 रुपए दिए जाने का प्रावधान है। रविवि द्वारा इस राशि में वृद्धि शैक्षणिक सत्र 2016-17 में की गई थी। इसके पूर्व 10 रुपए प्रति कॉपी प्रदान किए जाते थे। अधिकतर शासकीय प्राध्यापकों का वेतन लाखों में होता है। ऐसे में इतनी कम राशि के लिए रविवि अध्ययनशाला पहुंचकर कॉपियां जांचने में वे आनाकानी कर रहे हैं। मूल्यांकन केंद्र में प्राध्यापकों को 30-30 कॉपियों का एक बंडल दिया जाता है।



### निजी महाविद्यालयों के भरोसे मूल्यांकन

रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी-फरवरी में आयोजित की गईं। शुरुआती परीक्षाओं के साथ ही मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कर दिया गया था। रविवि की वार्षिक परीक्षाएं मार्च में आयोजित की जाएंगी। इसमें भी शुरुआती पर्चों के बाद मूल्यांकन शुरू कर दिया जाएगा। प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन के सचिव डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने रविवि द्वारा पेश किए आंकड़े को निजी महाविद्यालयों के लिए उत्साहजनक बताते हुए कहा, सेमेस्टर परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में भी 80:20 का अनुपात है। हम अपने प्राध्यापकों को मूल्यांकन कार्य के लिए आवश्यक अवकाश भी प्रदान कर रहे हैं ताकि परीक्षा कार्य में सहयोग मिल

प्राध्यापक अब उत्तरपुस्तिकाएं अपने घर अथवा महाविद्यालय नहीं ले जा सकते हैं। इसके स्थान पर रविवि अध्ययनशाला में बनाए गए केंद्र में आकर ही उन्हें मूल्यांकन कार्य करना होता है।

केंद्रीकृत मूल्यांकन ना होने की स्थिति में दूसरे जिलों में भी उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी जाती थीं। दूसरे जिले के प्राध्यापकों के लिए राजधानी आकर कॉपियां जांचना अपेक्षाकृत जटिल होता है। मूल्यांकन कार्य में हिस्सा नहीं लेने की एक वजह यह भी है। पिछले सप्ताह परीक्षा और मूल्यांकन कार्य को लेकर रविवि ने प्राचार्यों की बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में रविवि ने शासकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के मूल्यांकन में हिस्सा नहीं लेने को नाराजगी भी जाहिर की थी।

## खबर संक्षेप

### नवा रायपुर में होगी नई साइंस सिटी की स्थापना




**रायपुर।** नवा रायपुर में प्रस्तावित साइंस सिटी को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बैठक ली। देश की छठवीं साइंस सिटी की स्थापना नवा रायपुर में की जाएगी। बैठक में अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग रेणु जी. पिल्लई, डायरेक्टर जनरल सीआरएससी डॉ. एस. कर्मकार के सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस दौरान साइंस सिटी की अवधारणा, उसके उद्देश्यों, समाज पर प्रभाव, आर्थिक संभावनाओं और परियोजना के क्रियान्वयन की विस्तृत योजना पर चर्चा की गई।

### ग्रामीण स्तरीय व्हॉलीबॉल स्पर्धा में खम्हरिया विजेता



**रायपुर।** ग्राम पथरी-खुड़मुड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नदृष्टा डॉ खूबचंद बघेल की पुण्य स्मृति के अवसर पर एक दिवसीय ग्रामीण व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 22 फरवरी को किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर खम्हरिया, कुरकुट्टी, सड्डू, ओटागन, उरकुरा, मोवा, महादेवघाट, कोनारी, कुथरौद, पथरी, देवरी, छपोरा की टीमों ने भाग लिया। प्रथम खम्हरिया, द्वितीय कुरकुट्टी, तृतीय बिलासपुर, पथरी चतुर्थ पर रहे, आयोजन में सहयोग सरपंच कल्याणी बुलाकी आडिल, कुंजबिहारी वर्मा, हरीश आडिल, शेष नारायण बघेल, रुपेश बघेल, दादू आडिल, शेखर वर्मा, मुकेश वर्मा, राजेश ध्रुव, चेतन वर्मा, अमन वर्मा का रहा और विशेष सहयोग जायसवाल निको इंडस्ट्रीज का रहा।

### आदिवासी समाज के आराध्यदेव का अभिषेक पूजन 26 को

**रायपुर।** महाशिवरात्रि पर्व पर आदिवासियों के आराध्यदेव के नाम से बने गोंडवाना भवन टिकरापारा प्रांगण में स्थापित बुढ़ादेव का 26 फरवरी को अभिषेक पूजन कार्यक्रम क्षेत्रीय गोंड़ समाज कल्याण समिति, आदिवासी समाज के प्रमुखों द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।

### भाजपा नेताओं ने सुनी मोदी के मन की बात

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक प्रसारण मन की बात को रविवार को प्रदेश के भाजपा नेताओं ने सुना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जगदलपुर में, प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल ने जगन्नाथ मंदिर, गीतांजलि नगर, रायपुर में कार्यक्रम सुना। इस दौरान रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर व रायपुर के सभी 60 पार्षदों सहित भाजपा के नेता, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मन की बात का प्रसारण सुनने के बाद कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन विषयों को लेकर जनता की बीच आते हैं, हम सबसे चर्चा करते हैं, वह अद्भुत होता है। न केवल जानकारी, वरन उससे मोटिवेशन भी मिलता है।

## नगालैंड, धीमापुर जू से ला रहे दो हिमालयन भालू में से एक ही पहुंचा

# हिमालयन भालू ने रास्ते में तोड़ा दम, जंगल सफारी में 15 दिनों में सात साही की मौत भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


जंगल से रेस्क्यू कर लाए गए असहाय तथा कमजोर वन्यजीवों के लिए जंगल सफारी कब्रगाह साबित हो रहा है। पिछले वर्ष अगस्त-सितंबर माह में 35 काले हिरणों तथा दो माउस डियर की मौत की घटना के बाद अब सफारी में नगालैंड स्थित धीमापुर जू से लाए गए दो हिमालयन भालू में से एक ने दम तोड़ दिया। साथ ही पिछले 15 दिनों में जंगल सफारी में सात साही की अज्ञात कारणों से मौत की बात की भी सूचना आ रही है। साही की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, अफसर पूरे मामले की जांच के बाद कुछ बता पाने की बात कह रहे हैं। वन्यजीवों के एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत सफारी प्रबंधन ने नगालैंड धीमापुर जू में पांच चीतल तथा दो काले हिरण देने के बदले दो हिमालयन भालू लाने का फैसला लिया था। चीतल तथा काले हिरण को जंगल सफारी की जू की गाड़ी से नगालैंड रवाना किया गया। जिस गाड़ी को जंगल सफारी प्रबंधन ने वन्यजीव पहुंचाने के लिए भेजा था, उसी गाड़ी में हिमालयन भालू को लेकर रायपुर लौट रहे थे। इस दौरान एकर हिमालयन भालू ने रास्ते में दम तोड़ दिया।


ये कैसी अदला-बदली, दुर्लभ सफेद भालू के बदले अंबानी के जू से लाएंगे जेब्रा
छत्तीसगढ़ के इस जंगल में पाए जाते हैं सफेद भालू
जंगल सफारी में नागालैंड जू के दो हिमालयन भालू बने नए मेहमान
अफसर बोले- प्रक्रिया प्रोसेस में

### सात साही की मौत भी

हरिभूमि फॉलोअप

हिमालयन भालू की मौत के एक पखवाड़े पूर्व से एक-एक कर सात साही की मौत की घटना सामने आई है। साही की मौत किन कारणों से हुई है। सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बता पाने की बात कही। हिमालयन भालू के साथ ही साही का पोस्टमार्टम जंगल सफारी में किया गया। दोनों वन्यजीवों की मौत की जानकारी सफारी प्रबंधन ने सफारी से बाहर आने रोकने की हरसंभव कोशिश की।



### मौत सवालों के घेरे में

अफसर के अनुसार, रास्ते में हिमालयन भालू की मौत का कारण जांच के नाम पर वाहन को घंटों रोकना है। हिमालयन भालू को विभागीय डॉक्टर के साथ वनकर्मियों की टीम ला रही थी। ऐसे में सीजेडए के लेटर के साथ ही धीमापुर जू प्रबंधन ने अपने जू से हिमालयन भालू जंगल सफारी भेजे जाने अनुमति पत्र दिया होगा। फिर भी हिमालयन भालू ला रहे वाहन को घंटों रोक जांच किए जाने की बात सवालों के घेरे में है।

### रास्ते में करते हैं स्वास्थ्य जांच

वन्यजीवों को एक जू से दूसरे जू एक्सचेंज किए जाने की स्थिति में रास्ते में स्वास्थ्य परीक्षण तथा उनके लिए पानी, खाने की व्यवस्था की जाती है। साथ ही एक निश्चित दूरी तय करने के बाद वन्यजीवों को आराम दिया जाता है। ऐसे में हिमालयन भालू का रास्ते में स्वास्थ्य परीक्षण ही नहीं किया गया। इस वजह से वन्यजीव चिकित्सक को भालू के बीमार होने की जानकारी नहीं मिली और उसकी रास्ते में ही मौत हो गई।

### वन्यजीव प्रेमियों में आक्रोश

हिमालयन भालू के साथ ही सफारी में सात साही की मौत की घटना के बाद वन्यजीव प्रेमी आक्रोशित हैं। वन्यजीव प्रेमी नितिन सिंघवी सहित अन्य ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों की लापरवाही के चलते सब एडल्ट मादा बायसन की गुरु घासीदास नेशनल पार्क पहुंचने से पहले मौत हो गई। वन्यजीव प्रेमियों ने जंगल सफारी, कानन पेंडारी से सफेद भालू सहित सभी वन्यप्राणियों के एक्सचेंज प्रोग्राम पर रोक लगाने के साथ ही दोषी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### दावा- जगह-जगह जांच के लिए रोका गर्मी से हुई मौत

*हिमालयन भालू की मौत के कारणों का पता लगाने हरिभूमि की टीम ने सीसीएफ वाइल्ड लाइफ सतोविशा समाजदार से संपर्क किया तो उनका कहना है कि पश्चिम बंगाल में जगह-जगह गाड़ी को रोककर जांच की गई। ऐसे में हिमालयन भालू की गर्मी के कारण मौत हो गई। अफसर के अनुसार वाइल्ड लाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो ने पश्चिम बंगाल से वन्यजीवों की तस्करी होने की जानकारी दी थी। इस वजह से स्थानीय वन विभाग के अफसर गाड़ियों को रोककर जांच कर रहे थे। इसके चलते हिमालयन भालू ला रहा वाहन घंटों फंसा रहा। गर्मी के कारण हिमालयन भालू की मौत होने की जानकारी वन अफसर ने दी है।*

## महिलाओं के लिए हुआ वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम



**बालोद।** वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन आरबीआई जिला अग्रणी बैंक द्वारा बालोद मुख्यमंत्री कौशल विकास संस्था जिला बालोद में किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को बचत बजट, विभिन्न सेवाओं, योजनाओं, सामान्य बैंकिंग, एटीएम का इस्तेमाल, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, जनधन, सुरक्षाबीमा, जीवन ज्योति, सचेत पोर्टल, विविधीकरण, डिजिटल धोखाधड़ी एवं बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही 14448 आरबीआई लोकपाल एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण केंद्र संस्था प्रमुख, समर्पित संस्था से सुनीता खूंटे, एलडीएम सौरभ जैन, वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षक मोहम्मद वकार कुरैशी एवं प्रशिक्षु महिलाएं उपस्थित रहीं।

## प्रकृति परीक्षण अभियान में छत्तीसगढ़ तीसरा मुंबई में हुआ सम्मान

**रायपुर।** आयुष मंत्रालय के निर्देश पर चलाए जा रहे प्रकृति परीक्षण अभियान में अधिक लोगों की जांच कर छत्तीसगढ़ तीसरे स्थान पर है। अभियान के प्रथम चरण का समापन समारोह में केंद्रीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव द्वारा इसके लिए प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर राज्य समन्वयक डा. संजय शुक्ला को सम्मानित किया गया। प्रथम चरण के अभियान का समापन समारोह मुंबई के जहांगीर भाभा थियेटर में आयोजित किया गया। पहले चरण के अभियान के अंतर्गत पूरे देश में 1 करोड़ 29 लाख से अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण किया गया। संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के निर्देशन में 3551 वालिंटियर्स द्वारा 4 लाख 45 हजार से अधिक नागरिकों का प्रकृति परीक्षण कर देश में नौवां स्थान हासिल किया है।

# शहरी गरीबों को आरडीए 7 साल में नहीं दे पाया पजेशन, सिर्फ फाइलों में रीकंट्रक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहरी गरीबों को आशियाना देने का मसौदा अभी तक निर्माण का हिस्सा बना हुआ है। बोरियाखुर्द में 524 लोगों को स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान देने के लिए बुकिंग प्रक्रिया के बाद लोगों ने मकान का पैसा फाइनेंस कराया। इसके बाद से लोग बैंक की किस्तें चुका रहे हैं, लेकिन उन्हें अशियाना नहीं मिला। कुछ ऐसे ही हालात टिकरापारा में हैं, जहां 53 साल पुरानी 96 कॉलोनी जर्जर स्थिति में हैं। इसके बाद भी रीकंट्रक्शन की प्रक्रिया फाइलों में घूम रही है। इससे दोनों प्रोजेक्ट से करीब सात सौ परिवार प्रभावित हैं।

राजधानी में दो प्रोजेक्ट की रफ्तार और प्रक्रिया इतनी सुस्त चल रही कि लोगों को मिलने वाली सुविधा ठंडे बस्ते में है। जब पहले प्रोजेक्ट के रूप में बोरियाखुर्द में 524 शहरी गरीबों के निर्माणाधीन मकान की स्थिति जांची गई, तो वहां पाया गया कि 7 साल पहले इस प्रोजेक्ट को शुरू करते हुए आउटर में लोगों को स्वतंत्र ईडब्ल्यूएस मकान देने के लिए प्रक्रिया की गई। 2018 में स्वतंत्र मकान का निर्माण शुरू करवाने के बाद आरडीए निर्माण एजेंसी से अभी तक प्रोजेक्ट पूरा करने के बाद मकान बुक कराने वाले लोगों को पजेशन नहीं दे पाया है। इससे जिन लोगों ने मकान लेने के लिए बैंक से फाइनेंस कराया है, उन्हें लोन की किस्त के साथ मकान का किराया भी देना पड़ रहा है।



### फंसा है कॉलोनी का रीकंट्रक्शन

वहीं दूसरे प्रोजेक्ट के रूप में टिकरापारा स्थित 96 कॉलोनी का रीकंस्ट्रक्शन करवाने की प्लानिंग आरडीए ने एक साल पहले की। कॉलोनी का कायाकल्प करने के लिए आरडीए के अफसरों ने 23 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट भी बनाया। काम करने से पहले कॉलोनी की समिति से सहमति मांगी। इसके बाद उन्हें वन एवं टू बीएचके फ्लैट में बिजली, पानी, नाली और पार्किंग की सुविधा देने का मसौदा तैयार किया। इस कॉलोनी का रीकंट्रक्शन कराने से पहले कॉलोनी को जर्जर घोषित करने की प्रक्रिया करनी होगी। इसकी फाइल शासन को भेजी गई है। मंजूरी के बाद निर्माण होगा।

### जून में पूरा होगा प्रोजेक्ट, प्रक्रिया जारी है

पुरानी बिल्डिंग का रीकंस्ट्रक्शन कराने के लिए प्रोजेक्ट तैयार है। कॉलोनी को जर्जर घोषित कराने की प्रक्रिया के बाद अधिकारियों के निर्देश पर एजेंसी तय करेंगे। जून तक स्वतंत्र मकानों का निर्माण पूरा करने निर्देश दिया है।

**- अनिल गुप्ता**
अधीक्षण अभियंता, आरडीए, रायपुर

### मल्टी स्टोरी में होगी यह सुविधा

*अभी 96 कॉलोनी में लोगों को हर फ्लैट में टॉयलेट की सुविधा नहीं मिल रही है। कॉलोनी में सुरक्षा के लिहाज से बाउंड्री भी नहीं है। इतना ही नहीं, इसमें वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम ध्वस्त है। इसे देखते हुए आरडीए ने ग्राउंड फ्लोर के अलावा 8 मंजिला बिल्डिंग बनाने के लिए 23 करोड़ से ज्यादा का प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसमें वन और टू-बीएचके के करीब 150 लोगों के लिए फ्लैट बनेंगे। इसमें अटैच लेट-बॉथ के अलावा कॉलोनी परिसर तैयार होगा। इसमें बिजली, पानी के साथ सीवरेज भी सिस्टमेटिक होगा। इसके साथ ही फ्लैट में रहने वाले लोगों को पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी।*

## 70 पार्षदों के साथ 27 को शपथ लेंगी नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे

# 14 एमआईसी मेंबर्स से सजेगी एमआईसी नए चेहरे दमकेंगे, पुराने का बोलेगा अनुभव

### जोन अध्यक्ष के लिए सुगबुगाहट शुरू, सामने आने लगे दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे 70 निर्वाचित पार्षदों के साथ 27 फरवरी को बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित समारोह में शपथ लेंगी। शपथ के बाद शहर सरकार की नई टीम तैयार होगी। इस बार सदन का नजारा बदला-बदला सा नजर आएगा। 14 एमआईसी मेंबर्स से एक ओर जहां एमआईसी सजेगी, वहीं विपक्षी पाले में कांग्रेस के 7 पार्षद और 3 निर्दलीय जनहित के मुद्दे उठाने मौजूद रहेंगे। इस बार की एमआईसी में जहां ज्यादातर नए चेहरे अपने हावभाव से चमक बिखेरने सदन में दमकेंगे। वहीं कुछ पुराने मेंबर्स का अनुभव भी बोलेगा।

डेढ़ दशक बाद शहरी सरकार में भाजपा से महापौर के रूप में निगम की पूर्व नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे अपने परिषद के नए पुराने सदस्यों के साथ सदन का हिस्सा बनेंगी। उनकी एमआईसी में जिन नए सदस्यों के नाम उभरकर सामने आए हैं, उनमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ व पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन को चुनाव में हराकर पहली बार पार्षद बने युवा अमन ठाकुर का नाम है, जो इस बार के शहरी सरकार के सबसे कम उम्र के पार्षद हैं। 26 वर्षीय अमन ठाकुर रामकृष्ण परमहंस वार्ड से चुनाव जीतकर सदन पहुंचे हैं। इसी तरह एमआईसी में दूसरा नाम भाजपा से निर्वाचित पार्षद महेंद्र खोडियार का लिया जा रहा है, जो निगम चुनाव में इस बार सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर आए हैं।

इसी तरह तीसरा नया नाम अमर गिदवानी का है, जिन्होंने निवृत्तमान महापौर एजाज ढेबर को चुनाव में एक झटके से हराया। ऐसे में उनके इस जीत को देखते हुए एमआईसी में उन्हें शामिल किया जा सकता है। साथ ही नए चेहरों में महात्मा गांधी वार्ड से चुनाव जीतकर पार्षद बनीं साधना-प्रमोद साहू, मोतीलाल नेहरू वार्ड से दूसरी बार चुनाव जीतकर पार्षद बने गोपेश साहू, गज्जू साहू और यतियतन लाल वार्ड से निर्वाचित पार्षद नंदकिशोर साहू एमआईसी में लिए जा सकते है। साथ ही अवतार बागल, आशु चंद्रवंशी, संतोष साहू और कृतिका जैन के नाम उभरकर सामने आए हैं।




### वरिष्ठ पार्षदों में इनका नाम

सदन में अपनी बात बेबाकी से रखने वाली दूसरी बार की पार्षद सरिता दुबे एमआईसी की प्रबल दावेदार मानी जा रही हैं। उनके साथ ही पूर्व उपनेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ भाजपा पार्षद मनोज वर्मा का नाम एमआईसी सदस्य के रूप में लिया जा रहा है।

## नाममात्र शुल्क में रात बिताने मिल रही सुविधा

# बड़े अस्पतालों में परिजनों का आवास सिर्फ योजना, सहारा बन रहा 16 बेड का 'दाईकोरा'

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

डीके, आंबेडकर, जिला अस्पताल में दूर दराज के इलाकों से इलाज के लिए आने वाले मरीज और उनके अटेंडरों के लिए आवास सुविधा सिर्फ योजना बनकर रह गई है। इनके बीच रेडक्रास सोसायटी द्वारा सीएमएचओ कार्यालय परिसर में संचालित दाईकोरा भटकते मरीजों के ठहरने के लिए बड़ा सहारा बन रहा है। नाममात्र शुल्क वाले इस ठिकाने पर आसपास के कई अस्पतालों के मरीज और अटेंडर आकर रुकते हैं। पूर्व जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मीरा बघेल ने कार्यालय के पीछे रिक्त भूमि में दाईकोरा का निर्माण कराया था। वर्ष 2022 में इसका लोकार्पण किया गया और इसका संचालन रेडक्रास सोसायटी द्वारा किया जा रहा है और जांच और उपचार के इंतजार में रात बिताने वाले मध्य और निम्न आय वर्ग के मरीज और उनके परिजनों का बड़ा सहारा बन रहा है। दाईकोरा के संचालन समिति से जुड़े लोगों का कहना है कि अब तक सैकड़ों मरीज यहां ठहरकर अपना इलाज पूरा करवाकर घर लौट चुके हैं।




### दान में मिली राशि का उपयोग

दाईकोरा का निर्माण राजधानी में रहने वाले एक परिवार द्वारा दान में मिली राशि के उपयोग से किया गया था। मिली राशि के सदुपयोग के लिए काफी विचार मंथन करने के बाद दूसरे जिलों से राजधानी आकर इलाज कराने वालों को अस्थायी आवास सुविधा उपलब्ध कराने का फैसला लिया था और कार्यालय के पिछले हिस्से की रिक्त जमीन का चयन कर वहां निर्माण कराया गया था।

### डीके में ऊपर, आंबेडकर में बरामदा ठिकाना

डीके अस्पताल भवन के ऊपरी हिस्से में मरीजों और उनके अटेंडरों के लिए अस्थायी ठिकाना बनाया गया है। सुरक्षागत कारणों से यहां गिनती के अटेंडर प्रवेश कर पाते हैं और अन्य लोगों को बाहर ठिकाना जमाना पड़ता है। आंबेडकर अस्पताल में इस तरह की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसकी वजह से मरीजों के अटेंडर वार्ड के बाहर बरामदे में रहकर अपना वक्त गुजारते हैं।

- कुछ पदाधिकारियों को मिल सकता है निगम-मंडल में मौका

# किरण देव की नई कार्यकारिणी में नजर आएंगे कई नए चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेश में एक बार से निगम-मंडलों में नियुक्ति की कवायद प्रारंभ हो गई है। संभावना है कि जल्द ही थोक में नियुक्तियां होंगी। निगम और मंडलों में नियुक्ति के बाद ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई टीम तय होगी। इस समय प्रदेश की कार्यकारिणी में जो पदाधिकारी हैं, उनमें से कुछ पदाधिकारियों को भी निगम-मंडल में मौका मिलने की संभावना है। इसी के साथ कुछ पदाधिकारी नगरीय निकाय चुनाव में जीतकर महापौर और पालिका अध्यक्ष भी बन गए हैं। इनके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा। मोर्चा, प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है। यह बात तय है कि प्रदेश भाजपा की नई कार्यकारिणी में इस बार कई नए चेहरों को मौका मिलने वाला है।



### कई नए चेहरों को मिलेगा मौका

किरण देव के वापस 17 जनवरी को अध्यक्ष बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो गया। ऐसे में भाजपा इसमें जुट गई। भाजपा को निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। इस समय पंचायत चुनाव चल रहे हैं। ये 24 फरवरी तक चलेंगे। इसके बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश संगठन व्यस्त रहेगा। किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर अगले माह से कवायद प्रारंभ होगी। प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं। जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय भी भाजपा की मीडिया टीम का हिस्सा रहे हैं। प्रदेश संगठन के कुछ पदाधिकारियों को निगम, मंडल और आयोग में पद मिलने की भी संभावना है। ऐसे में जिनको दूसरे पद मिलेंगे, उनके स्थान पर कार्यकारिणी में बदलाव होगा। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ के ज्यादातर चेहरे भी बदल जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देकर किया सम्मानित

**रायपुर।** शासकीय विद्यालय अमलीडीह में बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल द्वारा स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल ट्रस्ट के तहत विगत शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा में अनुसूचित जाति, जनजाति संवर्ग से सर्वाधिक अंक प्राप्तकर्ता में दो विद्यार्थियों छात्राएं वर्ग से पायल ढीढी एवं छात्र वर्ग से हुमेश कुमार तांडी को 3 हजार-3 हजार की राशि एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। विश्व हिंदी दिवस-2025 के अवसर पर विद्यालय में आयोजित विविध हिंदी तात्कालिक भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को भी बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर अंचल के उप महाप्रबंधक डॉ. रमेश कुमार मोहंती द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य नितिन तलोकर ने विद्यार्थियों को दिए गए उद्बोधन में कहा, बड़ा लक्ष्य बनाने एवं उसे प्राप्त करने के लिए अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रदर्शन करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक डॉ. आरके मोहंती, मुख्य प्रबंधक नंदिनी छलवानी, सोमेंद्र यादव, सुभाष बोस एवं बलराम उपस्थित थे।

### अधिवक्ता सुरक्षा कानून लागू करने की मांग

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, देशभर में नए अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2025 के विरोध, विभिन्न हाईकोर्ट के बार काउंसिल और राज्यों के अधिवक्ता संघ की ओर से विरोध, प्रदर्शन और हड़ताल के ऐलान के बाद केंद्र सरकार ने संशोधन के मसौदे में बदलाव का ऐलान किया है, जो स्वागतोग्य और अधिवक्ताओं की एकता की जीत है। अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता सुरक्षा कानून तत्काल लागू किया जाए। उन्होंने कहा, जानकारी के अनुसार शनिवार को केंद्र सरकार की ओर अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2025 के मसौदे में बदलाव करने का निर्णय लिया है, जिससे अधिवक्ता अपनी प्रस्तावित हड़ताल वापस ले रहे हैं। उन्होंने कहा, वकीलों के हित में एडवोकेट एमेंडमेंट विधेयक पर पुनर्विचार करना अत्यंत आवश्यक था। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार की केंद्रीय विधि मंत्रालय द्वारा 13 फरवरी को सार्वजनिक परामर्श और आम लोगों के लिए सुझाव के लिए मसौदा विधेयक पेश किया था, लेकिन मसौदा के सार्वजनिक होने के बाद इसका देशभर में विरोध शुरू हो गया। इस संबंध में केंद्रीय कानून मंत्री को बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से पत्र भी दिया गया था और उस पर पुनर्विचार की मांग की गई थी। इस संबंध में देशभर में इस नए कानून का अधिवक्ता विरोध कर रहे थे।

### बिजली की डिमांड में अभी से गर्मी, खपत पहुंची 6000 मेगावाट

**रायपुर।** गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। फरवरी में बिजली की खपत छह हजार मेगावाट तक पहुंच गई है। एक दिन पहले अपना उत्पादन महज 17 सौ मेगावाट था, क्योंकि मड़वा के साथ ही कोरबा में भी पांच सौ मेगावाट का संयंत्र बंद था, ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ रही थी, लेकिन रविवार को पांच सौ मेगावाट के दोनों संयंत्रों के प्रारंभ होने से बड़ी राहत मिली है। रविवार को भी सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेने का शेड्यूल था, क्योंकि शेड्यूल एक दिन पहले तय करना पड़ता है। अब सोमवार से सेंट्रल सेक्टर से कम बिजली लेनी पड़ेगी। वैसे इस बार गर्मी में बिजली की खपत का अनुमान 65 सौ मेगावाट से ज्यादा का है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ सकती है। गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे,लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। अब तो फरवरी में पारा और चढ़ने लगा है।

# अंतिम चरण की वोटिंग के बाद हुई मतदान कर्मियों की सकुशल वापसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के अंतिम चरण का मतदान जनपद साजा और बेरला में शांतिपूर्ण और सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। जनपद पंचायत साजा और बेरला में मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिसके बाद देर रात मतदान कर्मियों ने निर्वाचन सामग्री सकुशल जमा की। मतदान दलों ने निर्वाचन प्रक्रिया को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से पूरा किया और चुनाव समाप्त होने के बाद मतपेटियां और अन्य आवश्यक दस्तावेज़ स्ट्रॉन्ग रूम में जमा कराया। चुनाव समाप्त होने के बाद मतदान दलों ने मतदान केंद्रों पर समापन की सभी औपचारिकताओं को पूरा किया और मतदान सामग्री को सुरक्षित रूप से मुख्यालय तक पहुंचाया। देर रात तक सभी मतदान कर्मी निर्वाचन सामग्री लेकर निर्धारित केंद्रों पर पहुंचे और सभी आवश्यक दस्तावेजों, मतपेटियों की जमा प्रक्रिया को सुचारू रूप से अंजाम दिया। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे मतदान दलों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा।

## देर रात तक स्ट्रांग रूम में जमा कराई गई मतपेटियां



### शांतिपूर्ण और सफल आयोजन

पूरे दिन मतदान शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से चला। मतदान समाप्ति के बाद जिला प्रशासन ने सुनिश्चित किया कि सभी मतदान दल अपने-अपने केंद्रों से चुनाव सामग्री सुरक्षित लेकर पहुंचे। सामग्री जमा करने की प्रक्रिया को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी प्रोटोकॉल का पालन किया गया। जनपद पंचायत साजा और बेरला में सकुशल मतदान कराने के बाद मतदान कर्मियों की जिम्मेदारी समाप्त होने पर उन्होंने चुनाव को सफलतापूर्वक अंजाम देने पर संतोष व्यक्त किया। मतदान कर्मियों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पूरी सजगता से काम किया, जिससे मतदान प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आई और निष्पक्षता बनी रही।

### निर्वाचन सामग्री का सुरक्षित जमा

मतदान कर्मियों द्वारा जमा की गई सामग्री में मतदाता सूची, मतपेटियां और अन्य जरूरी दस्तावेज शामिल थे। मतदान प्रक्रिया के दौरान जो भी उपकरण और सामग्री इस्तेमाल किए गए थे, उन्हें सुरक्षित रूप से जनपण मुख्यालय में जमा कर दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर, रणबीर शर्मा ने इस सफलता के लिए मतदान कर्मियों की सराहना की और उनकी मेहनत की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी कर्मियों ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया और सुचारू रूप से चुनाव संपन्न कराया। इस प्रकार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का अंतिम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया।

## सरकारी संस्थानों में उपयुक्त स्थल और आवश्यक स्टाफ की समस्या भी आ रही

# राज्य में टार्गेट से पीछे रह गए जनऔषधि केंद्र, मार्च अंत तक 200 होना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

आम जनता को सस्ते में दवा दिलाने सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र खोलने की योजना लक्ष्य से पीछे हो गई है। विभिन्न व्यस्तताओं के कारण गणतंत्र दिवस तक राज्य में इनकी संख्या सवा सौ के आसपास ही पहुंच सकी, जबकि टार्गेट 151 का था। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में इसे शुरू करने उपयुक्त स्थल और आवश्यक स्टाफ की दिक्कतें आ रही हैं। इसकी वजह से मार्च अंत तक इसकी संख्या 200 तक पहुंचना मुश्किल है।

राज्य में अभी धन्वंतरी योजना के तहत लोगों को सस्ते दामों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस योजना में दवा दुकानों में ब्रांडेड कंपनियों की जेनेरिक दवा मिलती है, इसकी वजह से इनके दाम अलग-अलग होते हैं और उसकी उपलब्धता में भी भिन्नता होती है। प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र में दवा की बिक्री मॉलीक्यूल आधार पर होती है, इसके लिए सभी दुकानों में कीमतों में एकरुपता होती है। छत्तीसगढ़ में जनऔषधि केंद्रों को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया था, इसके तहत निष्क्रिय हो चुकी दुकानों को पुनः क्रियाशील करने के साथ सभी सरकारी अस्पतालों स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी शुरुआत करने का लक्ष्य रखा गया था। सुशासन दिवस पर महीनेभर के भीतर यानी गणतंत्र दिवस पर इनकी संख्या 119 से बढ़ाकर डेढ़ सौ करनी थी, मगर आंकड़ा सवा सौ से आगे नहीं बढ़ पाया। अब अगला टार्गेट 31 मार्च तक संख्या 200 का है, विभिन्न व्यस्तताओं के कारण इसका पूरा होना भी मुश्किल माना जा रहा है।




### छवि सुधारने की कोशिश

पिछली सरकारी की उदासीनता और धन्वंतरी योजना को बढ़ावा देने की वजह 70 से 90 फीसदी सस्ती दवाओं की दुकानों में ताले लगने शुरू हो गए थे। राज्य में भाजपा सरकार की वापसी के बाद इस योजना को पुनः बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत बंद हुई दुकानों को पुनः प्रारंभ करने के सात इनकी संख्या बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। योजना के तहत जनऔषधि केंद्र खोलने सरकारी अस्पतालों के साथ सहकारी संस्थाओं की मदद भी ली जा रही है।

### दवाओं के साथ इंसुलिन का स्टॉक

प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र में आवश्यक दवाओं का स्टॉक पर्याप्त मात्रा में करने के साथ विभिन्न तरह के इंसुलिन और सर्जिकल आयटम हमेशा उपलब्ध कराने के दावे किए जा रहे हैं। जरूरी दवा की डिमांड पर चौबीस घंटे इनकी उपलब्धता कराने का सिस्टम बनाया जा रहा है। जनऔषधि केंद्र में करीब डेढ़ हजार आवश्यक दवाओं की सूची में से 90 फीसदी का स्टाक रखा जाएगा।

### नौ साल पुरानी योजना

राज्य में प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्रों की शुरुआत वर्ष 2016 में 254 दुकानों के साथ की गई थी। शुरुआत में बेहतर रिस्पांस नहीं मिलने की वजह से इसकी संख्या कम होती चली गई। भाजपा सरकार की वापसी के बाद जनऔषधि केंद्रों की संख्या पचास के पार हुई थी और अब संख्या डेढ़ सौ के आसपास पहुंच गई है। आने वाले दिनों में इनकी संख्या में और वृद्धि किए जाने का प्रयास चल रहा है।

# डॉ. रमन बोले- पार्षद बनना, ठेकेदार नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वार्ड पार्षद के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू करने वाले विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रायपुर नगर निगम के नवनिर्वाचित पार्षदों को नसीहत दी कि पार्षद बनना, ठेकेदार नहीं। वे स्वयं भी ठेकेदार बनते तो आज क्लास वन ठेकेदार होते, लेकिन वो सम्मान नहीं मिलता, जो आज उन्हें मिलता है। महाराष्ट्र मंडल ने रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे और 52 पार्षदों का गरिमामय समारोह में अभिनंदन किया। समारोह को बतौर मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह संबोधित कर रहे थे। स्पीकर डॉ. रमन ने कहा कि पार्षद से लेकर अब तक के अपने सफर के अनुभव से वे कह सकते हैं कि सर्वाधिक कठिन चुनाव पार्षद का होता है। अगर आप पार्षद बन सकते हैं तो कुछ भी बन सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मिले सुर हमारा ग्रुप की ओर से राजगीत गायन के साथ हुई।

**महापौर ने वोट लिया या दान :** डॉ. रमन ने नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे के जीत के अंतर पर चुटकी लेते हुए कहा कि नई महापौर ब्राह्मण है और राज्य में सर्वाधिक 151111 मतों से जीती हैं। उनके जीत के अंतर को देखकर समझ नहीं आता कि उन्होंने लोगों से वोट मांगे हैं या दक्षिणा।

### 15 साल के वनवास के बाद लौटे हैं 'सीता मां' को लेकर

अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता कर रहे रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने कहा कि भगवान राम 14 बरस के वनवास के बाद लौटे थे। हम 15 साल के वनवास के बाद सीता मां को लेकर लौटे हैं। श्री मूणत ने आश्वस्त किया कि महाराष्ट्र मंडल अब इतनी बड़ी संस्था हो गई है कि उसे कुछ मांगने की जरूरत नहीं है। रही रायपुर में वीर सावरकर की प्रतिमा लगाने की मांग की, तो मैं आश्वस्त करता हूं कि वो तो हम लगाएंगे ही।

### अंतिम संस्कार निशुल्क कराने होगी पहल : मीनल

मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले की मांग पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर शहर के मुक्तिधामों में अंतिम संस्कार की व्यवस्था नगर निगम की ओर से कैसे संभव हो सकेगी, इस पर वे जरूर काम करेंगी। कार्यक्रम का संचालन सचिव चेतन दंडवते और आभार प्रदर्शन सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने किया। इस दौरान महापौर मीनल चौबे समेत भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान किया गया।

### पानी के लिए निगम ने शासन को भेजा 311 करोड़ रुपए का प्रस्ताव

**रायपुर।** नगर निगम के योजना शाखा ने जलप्रदाय योजना के तहत पैकेज 6 और 7 को पूरा करने राज्य शासन के पास 311 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है। इस प्रस्ताव में शहर के आउटर इलाके में पेयजल आपूर्ति के लिए नई पाइपलाइन बिछाने, इंटर कनेक्शन करने का कार्य शामिल है। साथ ही नगर निगम जोन-9 क्षेत्र में अमृत मिशन के तहत लभांडी और फुंडहर में निर्मित नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने का काम इसमें शामिल है। निगम के पास फंड नहीं होने की वजह से पंडित विद्याचरण शुक्ल वार्ड में 2 साल पूर्व निर्मित नई पानी टंकी आज तक शुरू नहीं हो पाई। इस कार्य के लिए 48 करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। दरअसल रायपुर नगर निगम के आउटर में स्थित वार्डों तक पीने का साफ पानी पहुंचाने नगर निगम द्वारा पैकेज 6 व 7 तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने हरिभूमि को बताया कि जलप्रदाय योजना के अंतर्गत पैकेज 6 व 7 के लिए राज्य शासन के पास 311 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा गया है। शासन के बजट में इसके लिए राशि प्रावधान करने के बाद नगर निगम के बजट में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा। जलप्रदाय योजना अंतर्गत के जोन-9 क्षेत्र स्थित पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर में 2 साल पूर्व निर्मित पानी टंकी से इंटर कनेक्शन कर राइजिंग लाइन बिछाने के कार्य को भी प्रस्ताव में लिया गया है।

# आंखों के बड़े अस्पताल का सपना अधूरा, घोषणा से आगे नहीं बढ़ पाया रीजनल आई इंस्टीट्यूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नेत्र चिकित्सकों सहित 61 पद स्वीकृत, भर्ती प्रक्रिया अब तक नहीं

सरकारी स्तर पर प्रदेश को आंखों की तमाम तरह की बड़ी बीमारियों के इलाज के लिए रीजनल आई इंस्टीट्यूट अब तक सपना बना हुआ है। आंखों के इस बड़े अस्पताल के लिए नेत्र चिकित्सक सहित 61 पद स्वीकृत किए गए हैं, मगर अब तक भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। आई इंस्टीटयूट बनाने माना अस्पताल को चिन्हित किया गया था, जहां केवल मोतियाबिंद की सर्जरी कर औपचारिकता पूरी की जा रही है।

प्रदेश में आंखों की बीमारी के लिए कोई बड़ा सरकारी अस्पताल नहीं है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा माना के सिविल अस्पताल के एक हिस्से में क्षेत्रीय नेत्र संस्थान बनाने की योजना बनाई थी। जरूरत को ध्यान में रखते हुए आनन-फानन इसके लिए सेटअप स्वीकृत किया गया और निर्माण के लिए पहली किश्त को मंजूरी दी गई। इससे मार्डन ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य जरूरी उपकरण खरीदने की योजना बनाई गई थी। पहली किस्त को मंजूरी मिली, इसके बाद विभागीय तौर पर सालभर से ज्यादा वक्त बीतने के बाद भी इस पर अब तक कोई काम नहीं हो पाया है। रायपुर मेडिकल कालेज के नेत्र विभाग में उपचार की सुविधा काफी सीमित है और यहां के उपकरण काफी पुराने हैं। इसकी वजह से आंखों की किसी भी तरह की बड़ी बीमारी के इलाज के लिए मरीजों के निजी सेक्टर में जाकर पैसे खर्च करना मजबूरी हो चुकी है।



### सरकारी अस्पताल में बिगड़ रहे केस


प्रदेश में कोविड के बाद प्रदेश को मोतियाबिंद अंधत्व मुक्त करने का लक्ष्य बनाया गया था। इस लक्ष्य के लिए निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में सर्जरी हो रही है और सरकारी सेक्टर पिछड़ने लगे है। सूत्रों का कहना है कि जिला अस्पतालों में किए जाने वाले मोतियाबिंद की सर्जरी के दौरान केस बिगड़ रहे हैं, जिसकी वजह से भी लोगों का सरकारी अस्पतालों से मोहभंग हो रहा है। दंतेवाड़ा के बाद कोरिया जिले में हुई मोतियाबिंद सरकारी अस्पताल में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीजों की आंखों में संक्रमण हो गया था और उन्हें इलाज के लिए रायपुर भेजना पड़ गया था।

### शहर से दूर इसलिए भी कम फायदा

माना का सिविल अस्पताल अपने आसपास रहने वाले मरीजों को विभिन्न तरह की बीमारियों के उपचार की सुविधा प्रदान कर रहा है, मगर मोतियाबिंद की सर्जरी के लिए शहर के मरीज वहां तक का लंबा सफर तय करने में परहेज कर रहे हैं। प्रारंभिक दौर में जिला अस्पताल से मरीजों को ऑपरेशन के लिए वहां तक ले जाने के लिए वाहनों की सुविधा दी गई थी। बाद में इसे बंद कर दिया, जिसकी वजह से करीब 10 किलोमीटर दूर जाकर मोतियाबिंद की सर्जरी कराने वाले कम हो गए।

# पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ 2 मार्च को आएंगे राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



देश के सुप्रसिद्ध विचारक और इनफ्लुएंसर, राष्ट्रध्वज रक्षक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का राजधानी रायपुर में आगमन हो रहा है। वे आगामी 2 मार्च रविवार को दोपहर 4 बजे साइंस कॉलेज के पास स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में राष्ट्र गौरव के लिए जनजागरण कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्र प्रथम संस्था करने जा रही है। कार्यक्रम के संयोजक तुषार शाह ने बताया कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी समाज प्रमुखों, नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर समाज प्रमुखों का सम्मान तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। उसके बाद देश के सुप्रसिद्ध विचारक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ का सनातन और भारत विषय पर उद्बोधन होगा। पुष्पेंद्र ने देशभर में आयोजित कई कार्यक्रमों में शिरकत की है तथा सनातन और राष्ट्र के विषय पर बोलकर हिंदुओं को जागरूक करते हैं।

## पेज 9 के शेष

### बेटे को पानी पिलाने कार ...

लोग घायल हो गए हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मृतका का पुत्र मानसिक रूप से कमजोर है, जो कार की पिछली सीट पर बैठ था, जिसे पानी पिलाने के लिए जयंती मिश्रा कार से नीचे उतरी थीं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतका जयंती मिश्रा के छोटे भाई एवं अधिवक्ता ने इस घटना के बाद पुलिस के रवैए पर नाराजगी जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस संबंधित स्कॉर्पियो के मालिक का संरक्षण कर रही है।

### मीठे पानी की आपूर्ति ...

अनाउंसमेंट के माध्यम से लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। विधायक ने कहा कि स्वच्छता में लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सके। विधायक ने नगर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए व्यापारियों को भी सफाई के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दुकानदार और व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और कचरा इधर-उधर न फेंकें। विधायक ने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे व्यापारियों को समझाइश दें और उन्हें डस्टबिन रखने, कचरे का सही निपटान करने और स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही, यदि कोई व्यापारी बार-बार गंदगी फैलाने में लापरवाही करता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी दे। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार जनसेवा के संकल्प के साथ काम कर रही है, इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर वार्ड में सफाई व्यवस्था को सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसी वार्ड में सफाई को लेकर लापरवाही होती है, तो संबंधित अधिकारी और कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### महाशिवरात्रि महोत्सव पर नगर में शिव ध्वजारोहण कर निकाली गई शोभायात्रा

**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौंडीलोहारा के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय सेवा केन्द्र में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम थे, अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी, प्रभारी ब्रह्माकुमारीज डौंडीलोहारा ने की। विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित पार्षद राकेश सांखला, ममता शर्मा, शिवानी भंसाली, नेहा उपाध्याय, ममता यादव थे। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, शिव ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी सीमा दीदी ने महाशिवरात्रि महोत्सव के आध्यात्मिक रहस्य को बताया कि वर्तमान समय समाज में चारों ओर दुराचार, पापाचार, भ्रष्टाचार, हिंसा आदि का बोलबाला है।मानव जीवन में चरित्र की गिरावट के कारण दुःख अशांति अपनी चरम सीमा पर है।

## मास्टर प्लान में बरसों की देरी, अब तक 56 शहरों का हुआ तैयार, डंप हो रहे प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आपत्तियों और विवाद के चलते मास्टर प्लान में किया जा रहा सुधार

छत्तीसगढ़ के छोटे शहरों से लेकर बड़े शहरों के विकास के लिए बनाई जाने वाली विकास योजना यानी मास्टर प्लान का हाल बेहाल है। खास बात ये है कि राजधानी रायपुर का मास्टर प्लान तैयार करने के बाद सामने आईं आपत्तियों और विवाद के कारण इसे अब तक लागू नहीं किया जा सका है। यही हाल कई अन्य शहरों का भी है। खास बात ये है कि मास्टर प्लान जारी न हो पाने से निजी क्षेत्र की छोटी-बड़ी विकास परियोजनाओं के लिए मंजूरी नहीं मिल पा रही है। कई प्रोजेक्ट इसी वजह से शुरू नहीं हो पा रहे हैं। बताया गया है कि राज्य के 56 शहरों का मास्टर प्लान तैयार हो गया है, लेकिन बहुत-सी जगह आपत्तियों और विवाद के कारण इसमें सुधार किया जा रहा है, इस वजह से मास्टर प्लान लागू नहीं हो पाया है। नगर निवेश के जानकारों की मानें तो किसी भी शहर के लिए बने मास्टर प्लान के पूरे होने के पहले नया मास्टर प्लान बन जाना चाहिए। इसी हिसाब से विकास की गतिविधियां तय होती हैं। बताया गया है कि रायपुर शहर के लिए मास्टर प्लान-2031 लागू करने में पहले से ही चार वर्ष का विलंब हो चुका है। अभी भी यह तय नहीं है कि कब तक इसे लागू किया जाएगा। इसकी वजह से 30 लाख की आबादी के लिए तैयार किए गए प्लान का क्रियान्वयन करने में विलंब हो रहा है, जबकि नियमानुसार पुराने मास्टर प्लान की अवधि समाप्त होने से पहले ही अगला मास्टर प्लान तैयार हो जाना चाहिए।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दो दिवसीय महाशिवरात्रि महापर्व आज से

**बालोद।** भोलापठार परेंगुडा में महाशिवरात्रि महापर्व का आयोजन 25 एवं 26 फरवरी को किया गया है। कार्यक्रम 25 फरवरी को दोपहर 02 बजे से अखंड शिव मंत्र जाप के साथ प्रारंभ होगा। उसके बाद पूर्णहुति हवन महाआरती एवं महाप्रसादी वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में श्री राधे रसिका हरिसंकीर्तन मानस परिवार छेड़िया (भरदा) समय 02 बजे से होगा उसके बाद त्रिपुरारी मानस मंडली परेंगुडा की प्रस्तुति 03 बजे से होगी।

### फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर मीडिया के लिए कार्यशाला आज

**बालोद।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 27 फरवरी से 13 मार्च तक सामूहिक दवा सेवन अभियान चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि समाचार पत्र, इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मिडिया एवं अन्य के माध्यम से लोगों में जन जागरूकता के लिए मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन 25 फरवरी को खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के पीछे मितानिन भवन में शाम 04 से 05 बजे तक आयोजित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के सभी मीडिया प्रतिनिधियों से इस कार्यशाला में उपस्थित होने की अपील की गई है।

### विवाह से सप्ताहभर पहले युवक ने खुद को लगाई आग

**बालोद।** ग्राम टेंगनाबरपारा में अपनी शादी से एक सप्ताह पहले एक युवक ने अपने ऊपर केरोसिन डालकर आत्मदाह की बड़ी कोशिश की है। इससे युवक 70 प्रतिशत झुलस गया है। घटना रविवार की देर शाम बताई जा रही है। घटना के बाद युवक को परिजनों द्वारा धमतरी के जिला अस्पताल ले जाया गया। युवक की स्थिति को देखते हुए रायपुर के मेकाहारा अस्पताल में रिफर किया गया जहां इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार तरूण विश्वकर्मा 28 वर्ष की शादी एक सप्ताह बाद होने वाली थी, जिसका कार्ड छपवाकर बांटा जा चुका है। युवक ने आत्मदाह जैसा बड़ा कदम क्यों उठाया यह जांच का विषय है।

### बाइक को हाईवा ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**बालोद।** शादी कार्यक्रम से वापस लौट रहे बाइक चालक को हाईवा ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर डौंडीलोहारा थाने में हाईवा चालक के खिलाफ धारा 106(1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम बुंदेली निवासी सचिन नायक ने बताया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 डीएफ 5464 में पिता पालीराम नायक के साथ 20 फरवरी को शादी कार्यक्रम में ग्राम राणाटोला (गोटाटोला) गए थे। जहां से 22 फरवरी को वापस बुंदेली आ रहा था, डौण्डीलोहारा में मस्जिद चौक के पास पहुंचा था तभी पीछे से आ रहे हाईवा क्रमांक सीजी 24 वी 8883 ने ठोकर मार दी। इससे वह नीचे गिर गया, जिससे हाईवा के चक्का चढने से पीठ, सीना में गहरा चोट लगने से मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# श्रीराम रसोई में सालभर में 1.06 लाख लोगों ने मात्र 20 रुपए में किया भरपेट भोजन

## युवाओं की नेक पहल का आज पूर्ण हुआ एक वर्ष

बेमेतरा ▸▸ अमीन पप्पू रवानी

जिला मुख्यालय स्थित राम मंदिर परिसर में चल रही राम रसोई का आज एक वर्ष पूर्ण हो गया, जहां मात्र 20 रुपए में भर पेट स्वादिष्ट भोजन दिया जाता है। एक वर्ष पूर्व शहर के उत्साही युवाओं ने सकारात्मक ओर जरूरतमंद लोगों को सस्ते में भोजन कराने की पहल की और मिलकर श्री राम रसोई की शुरुआत की। तब उन्होंने तय किया था कि हर तबके को सिर्फ 20 रुपए की सहयोग राशि से भरपेट भोजन मुहैया कराया जाएगा।

25 मार्च को राम रसोई का शुभारंभ किया गया। 10 युवाओं की टीम से बढ़कर 40 लोगों की टीम बन गई, जिसमें युवा वर्ग के साथ-साथ बड़ों का भी साथ मिला। प्रतिदिन 400 से 500 लोग भोजन करते हैं। सुबह 8 बजे से राम रसोई में काम शुरू हो जाता है और दोपहर 12 बजे भोजन की थाली लगनी शुरू हो जाती है। इससे पहले राम मंदिर में भोग लगाया जाता है उसके बाद गौ माता को भोजन देने के बाद शुभारंभ करते हैं। एक वर्ष से युवा वर्ग की इस पहल को जहां सराहना मिल रही है, वहीं शहर के नागरिक भी इस सकारात्मक और पूर्ण कार्य में अपने जन्मदिन या फिर परिजनों की जयंती समारोह भोजन सामग्री का सहयोग संस्था देकर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।



### 10 युवकों ने बढ़ाया था कदम, आज 40 की टीम

श्री राम रसोई में संस्था ने 20 रुपए का कूपन निर्धारित किया है, जिसमें हर वर्ग हर तबके के व्यक्ति यहां भोजन बैठ कर सकते हैं। जब भोजन करने पहुंचते तो उन्हें कूपन दिया जाता है। संस्था के रिकॉर्ड के अनुसार इस पूरे एक वर्ष में श्री राम रसोई में अब तक एक लाख 6 हजार कूपन काटे जा चुके हैं। यानि एक लाख 6 हजार लोग बैठकर भोजन ग्रहण कर चुके हैं। संस्था के सदस्य रमन अग्रवाल, संगम दुबे, रितेश तापड़िया, मंटू अग्रवाल, नवीन जैन सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि सब ने तय किया था, कि इस कार्य में किसी प्रकार की कमी न आए। इसलिए हमने अपनी ओर से एक निश्चित राशि देना तय किया। आज बढ़ कर संस्था में 40 सदस्य इस जिम्मेदारी को संभाल रहे हैं। साथ ही सदस्यों ने यह भी कहा कि सच कहते हैं कि अगर नेक काम के लिए कदम बढ़ाओ तो भगवान भी साथ देते हैं। उन्होंने बताया कि आज शहर का हर नागरिक हमारे इस प्रयास में हमारे साथ खड़ा है। वे हमें सुखद के साथ अच्छे कार्य करने की प्रेरणा दे रहे हैं।

### एक वर्ष पूर्ण होने पर आज शाम भजन संध्या

महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या श्री राम रसोई में भजन संध्या का आयोजन किया गया है। संस्था के सक्रिय सदस्य संगम दुबे ने बताया कि 25 फरवरी को शाम 5.30 बजे आयोजित इस भजन संध्या में पलास शर्मा शिवभक्ति पर अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने अंचल के नागरिकों से राम रसोई का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित भजन संध्या में शामिल हो कर संस्था का आत्मबल बढ़ाने की अपील की है।

## चुनाव : मतदान के बाद शुरू हुई मतगणना, देर रात तक जारी रही

# तीसरे चरण के मतदान में बेरला और साजा में जिपं सदस्य के लिए भाजपा को बढ़त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

बेरला और साजा क्षेत्र में 23 फरवरी को हुए तीसरे चरण के चुनाव में जिला पंचायत सदस्यों में भाजपा जोरदार वापसी करते हुए 7 में से 6 सीटों पर जबरदस्त बढ़त के साथ जीत दर्ज कर रही है। वहीं, एक सीट पर निर्दलीय जीत तय मानी जा रही है। इससे पहले 17 फरवरी को 7 सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा 1 सीट दर्ज की थी, वहीं कांग्रेस 2 और 4 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने जीत हासिल की थी। हालांकि 4 में से 3 जिला पंचायत सदस्य कांग्रेस से जुड़े रहे हैं।

- 7 सीटों पर हुए चुनाव में 6 पर भाजपा, 1 निर्दलीय की जीत के संकेत

बता दें कि बेमेतरा जिला पंचायत में 14 सीटें हैं जिनका दो चरणों में चुनाव किया गया है। बहरहाल तीसरे चरण के चुनाव में सभी सातों जिला पंचायत सदस्य के लिए हुए चुनाव क्षेत्र पर तस्वीर स्पष्ट दिख रही है, लेकिन जब तक के निर्वाचन अधिकारी द्वारा अधिकृत रूप से घोषित नहीं किया जाता दावा प्रति दावा की स्थिति जारी रहेगी। गौरतलब हो कि रविवार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे चरण में बेरला जनपद पंचायत क्षेत्र एवं साजा जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव में पंच सरपंच ,जनपद पंचायत सदस्य एवं 7 जिला पंचायत सदस्यों के लिए मतदान सुबह 7:00 से दोपहर 3:00 बजे तक हुआ, उसके कुछ अंतराल के बाद फिर मतगणना शुरू हुई जिसमें सबसे पहले पंच फिर सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य और अंत में जिला पंचायत सदस्यों के मतों की गणना की गई। चूंकि जिला पंचायत सदस्यों का क्षेत्र बहुत विस्तृत है। इस संबंध में बताया जाता है कि लगभग 70 से लेकर 80 मतदान केंद्र एक जिला पंचायत क्षेत्र में आता है और सबसे आखरी में जिला पंचायत सदस्यों की मतों की गणना हुई है, जो देर रात तक चली। इस कारण सातों जिला पंचायत क्षेत्र के संभावित जीतने वाले प्रत्याशी अपने-अपने आंकड़े को लेकर दावा और प्रति दावा किया जा रहा है।

### अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद का चुनाव 5 मार्च को



### अब जिपं अध्यक्ष के लिए शुरू होगी जोड़-तोड़

इसके पहले बीते 17फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में जिला पंचायत के सात सदस्य के चुनाव हुआ था जिसमें जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से अंजली नंदकुमार गंधर्व निर्दलीय क्षेत्र क्रमांक 2 से हरीश पंचु साहू निर्दलीय क्षेत्र क्रमांक 3 से बालकुमारी ध्रुव कांग्रेस क्षेत्र क्रमांक 4 से शशिप्रभा गायकवाड़ कांग्रेस क्षेत्र क्रमांक 5 से अंजू बघेल भाजपा एवं क्षेत्र क्रमांक 6 से सुशीला जोशी निर्दलीय 7 से मधु राय विजयी घोषित किए गए हैं। रविवार को हुए चुनाव परिणाम के अधिकृत घोषणा के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिये जोड़ तोड़ शुरू हो जाएगी। ज्ञात हो कि बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित हुआ है और इस पद के लिये भाजपा की कल्पना योगेश तिवारी का नाम प्रमुखता से उभर कर सामने आ रहा है।

### जिले में सर्वाधिक मतों में कल्पना योगेश 21 हजार, प्रीतम 14 हजार मतों से जीत की ओर

आंकड़ों एवं रुझानों में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में भाजपा की कल्पना योगेश तिवारी लगभग 21हजार वोट से जीत की ओर अग्रसर है, जो कि जिले में सवार्धिक है। वहीं, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल के भाई एवं वर्तमान बेरला जनपद अध्यक्ष अंजनी प्रीतम सिंह चंदेल 13 हजार मतों से एक तरह जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 13 से भाजपा से राहुल टिकरिहा दूसरी बार वापसी करती हुए चुनाव जीत चुकी हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 से देवी परमेश्वर वर्मा भाजपा, क्षेत्र क्रमांक 9 से प्रीति गोवेंद्र पटेल भाजपा ,क्षेत्र क्रमांक 10 से अनिल वर्मा निर्दलीय, क्षेत्र क्रमांक 11 से खुशबू गोविंद वर्मा भाजपा से चुनाव जीत चुके हैं। हालांकि विधिवत अधिकृत रूप से निर्वाचन अधिकारी के द्वारा दिए जाने वाले प्रमाण पत्र ही प्रत्याशी को जीत माना जाता है अधिकृत रूप से इन किसी का नाम अभी तक के नहीं घोषित किया गया है ।लेकिन एक बात जरूर है कि जो स्थिति वर्तमान में आ रही है उसके हिसाब से बेमेतरा जिला के दोनों विकासखंड साजा तथा बेरला में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है।

# महिला पतंजलि योग समिति ने किया वैदिक यज्ञ हवन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कलेक्टोरेट परिसर स्थित नियमित निःशुल्क योग कक्षा में महिला पतंजलि योग समिति द्वारा 30वां संस्थान एवं संगठन समारोह धूमधाम से मनाया गया।

पतंजलि योग पीठ पिछले 30 वर्षों से न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से स्वास्थ्य और चरित्र निर्माण की दिशा में कार्यरत है। करोड़ों लोगों ने पतंजलि योग से जुड़कर अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए हैं। आयोजित समारोह में यज्ञ-हवन और मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने निःशुल्क योग और आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार के लिए संकल्प लिया और स्वामी रामदेव बाबा एवं आचार्य बालकृष्ण के प्रति कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर सदस्य नीलिमा साहू, ममता साहू, वर्षा शर्मा, सरिता, शंकर साहू, रानी शर्मा, सुनीता सिन्हा, राखी डोरे, अनुराधा साहू, मीना दुबे और देवंतीन साहू सहित पतंजलि योग समिति बेमेतरा के जिलाप्रभारी योग-शिक्षक भरत साहू,नारायण साहू एवं दिलेश्वर साहू उपस्थित रहे।

- पतंजलि योग पीठ का 30वां वार्षिक संस्थान एवं संगठन समारोह वैदिक यज्ञ हवन के साथ मनाया गया

### जनपद पंचायत बेरला क्षेत्र क्र. 21 से रेखा ने 2549 वोटों से दर्ज की जीत



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के क्षेत्र क्रमांक 21 में हुए पंचायत चुनाव में रेखा पोषण सिन्हा ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए 2549 वोटों के अंतर से जीत प्राप्त की। उनकी जीत पर मतदाताओं ने पटाखे फोड़ कर खुशी मनाई। चुनाव के नतीजे के बाद रेखा पोषण सिन्हा ने क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र की हर एक जनता की जीत है।जनता ने मुझे जो विश्वास और अपार समर्थन दिया उसके लिए मैं उनका हृदय से आभारी हूं। मैं इस जीत को क्षेत्र के समग्र विकास और जनता की बेहतरी के लिए समर्पित करता हूं।

## ग्राम पंचायत नारायणपुर के पुनः सरपंच चुने गए बिसाहू राम



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर

ग्राम पंचायत नारायणपुर के नवनिर्वाचित सरपंच ने विजय जुलूस निकालकर अपने गांव के आम मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। तृतीय पंचायत चुनाव में हुए चुनाव में ग्राम पंचायत नारायणपुर में युवा प्रत्याशी बिसाहू राम साहू एक बार फिर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को एक तरफा 315 मतों से पराजित कर पुनः सरपंच बने। उसके बाद उन्होंने रैली निकालकर मतदाताओं का आभार जताया। पहले उन्होंने मां महामाया मंदिर में जाकर माथा टेककर आशीर्वाद लिया। उसके बाद लोगों के घर-घर पहुंचने पर नवनिर्वाचित सरपंच की आरती उतारकर लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंच ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया, वहीं बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने पंचायत के मूलभूत विकास कार्यों को तेजी के साथ करने, गांव की गलियों का कांक्रीटीकरण तथा पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का आश्वासन दिया।


## मोंहरेंगा विद्यालय में बारहवीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई





**बेमेतरा।** विकासखण्ड अँतर्गत शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा में शिक्षासत्र 2024-25 में अध्ययनरत कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को उनके जूनियर कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य शिवबसँत टँडन, वरिष्ठ व्याख्याता अंजू बारमते, देवकुमारी साहू, श्वेता निर्मल,सेवानिवृत व्याख्याता डॉ गोकुल बँजारे , स्वयं सेवी शिक्षिका हेमा पाटिल उपस्थित रहे, इस अवसर पर प्राचार्य टँडन ने विद्यार्थियों को सँबोधित करते हुए कहा कि वार्षिक परीक्षा में अच्छे अँक प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं माता पिता का नाम रोशन करें।परिश्रम ही सफलता की कुँजी है,तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। वहीं डॉ गोकुल बँजारे ने कहा कि विद्यार्थी जीवन श्रेष्ठ जीवन है, विद्यार्थी अपने गुरुवों द्वारा प्राप्त शिक्षा, ज्ञान व नैतिक शिक्षा का सदैव पालन करते हुए व्यक्तित्व विकास कर अपने भविष्य को रौशन करें। उपस्थित व्याख्याताओं ने अच्छे अँक प्राप्त करने के लिए उचित मार्गदर्शन दिए। ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए मनोरंजनात्मक गेम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अँत में स्वल्पाहार कराया गया। कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने बारहवीं के विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर ससम्मान बिदाई दी। कार्यक्रम का सँचालन दिव्या साहू कक्षा ग्यारहवीं ने किया।

### पूर्व सीएम भूपेश से युकां अध्यक्ष प्रतीक ने की मुलाकात



**बेमेतरा।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महासचिव एवं पंजाब प्रभारी बनाए जाने पर बेमेतरा युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक दुबे एवं उनके साथी शशांक दुबे, सूरज ठाकुर एवं भानु प्रताप गोस्वामी ने मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# ग्राम पंचायत घोटमर्रा सरपंच बनीं आंचल



**बेरला।** विकासखंड के ग्राम पंचायत घोटमर्रा के सरपंच पद पर आंचल युवराज दुबे को 380 वोटों ऐतिहासिक जीत मिली है। आंचल दुबे से ठीक पहले युवराज दुबे ग्राम पंचायत घोटमर्रा के सरपंच रहे हैं।लगातार दूसरी बार सरपंच निर्वाचित होने पर ग्राम पंचायत घोटमर्रा के तीनों गांव घोटमर्रा, चोटमर्रा, हड़गांव के ग्रामवासियों ने बधाई देकर हर्ष जताया। अपनी जीत पर आंचल दुबे ने समस्त ग्रामवासियों व मतदातायों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मन, वचन, कर्म से अपने तीनों गांव के चहुंमुखी विकास, सुख-शांति व संपन्नता की प्रतिबद्धता दोहराई।







